an>

Title : Need to constitute a Monitoring Committee to oversee the progress of various schemes being implemented under Bharat Nirman Yojana-laid.

*m01

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): मैं सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि भारत निर्माण के अंतर्गत जिन योजनाओं को पूरा करने का सरकार ने लक्ष्य रखा था उनमें कमियां पाई गई हैं। उदाहरण के लिए भारत निर्माण के अंतर्गत चार साल में यानी 2005-06 से 2008-09 तक एक करोड़ हेक्टेयर खेतों को सिंचित करने का जो लक्ष्य रखा गया था वह योजना का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी पूरा नहीं हुआ है। किसानों के अधिकतर खेत पानी के लिए तरस रहे हैं। कोई भी राज्य सरकार इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल नहीं हुई। हमारे महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में किसान सिंचाई के साधनों से वंचित हैं। अभी भी हर 15 दिनों में किसानों द्वारा आत्महतया करने के समाचार आ रहे हैं।

यह स्थिति इंदिरा आवास योजना की भी है। सी0ए0जी0 की रिपोर्ट में इस योजना पर अंगुली उठाई गई। कई राज्यों में यह स्थिति है कि इंदिरा आवास बनाने अथवा मकानों का विस्तार करने के लिए जिन लोगों को यह राशि दी गई उनके नाम बी0पी0एल0 सूची में नहीं है। यही स्थिति दूसरी योजनाओं की भी है।

अतः मेरा निवेदन यह है कि भारत निर्माण के अंतर्गत सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं उनको पूरा करने के लिए कोई निगरानी कमेटी होनी चाहिए ताकि इस बात की जिम्मेदारी नियत की जा सके कि किन कारणों से इन लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हो रही है।